<u>संदेश</u>

वैशाखी, विशु, रोंगली बिहू, नब बर्ष, वैशाखड़ी और पुतान्दु पिरापु के शुभ अवसर पर, मैं भारत और अन्य देशों में रह रहे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

ये त्योहार, भारत की सांस्कृतिक विविधता में निहित एकता के प्रतीक हैं और अन्नदाता किसानों के प्रति हमारे सम्मान का अवसर भी। किसान, सदैव हमारी कृतज्ञता के केन्द्र में होने चाहिए क्योंकि वे हमारे लिए केवल अनाज ही नहीं उगाते अपितु अपने अथक परिश्रम से हमें खाद्य सुरक्षा और समृद्धि भी प्रदान करते हैं।

इस समय, हम सब COVID-19 के रूप में आए अभूतपूर्व संकट का दृढ़ता से सामना कर रहे हैं। आइए, इस वर्ष इन त्योहारों के अवसर पर हम सब यह ठान लें कि हम 'सोशल डिस्टेंसिंग' और उचित सावधानी का पालन करेंगें तथा अपनी एकजुटता तथा सामूहिक संकल्प के बल पर कोरोनोवायरस को पराजित करेंगे।

****